21 सितम्बर 2012

जिला प्रशासन का गांव संतोख माजरा (खण्ड राजौन्द) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. 52 जरूरतमंद परिवारों को 12 लाख 83 हजार रूपये के बैक ड्राफट इंदिरा प्रिय दर्शनी विवाह शगुन योजना के तहत वितरित किए गए। इनमें 31 परिवार अनुसूचित जाति से सम्बन्धित थे।

2. रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान 16 जरूरतमंद परिवारों को इंदिरा आवास योजना की दूसरी किश्त के चैक प्रदान किए गए।

3 मार्किट कमेटी की दुर्घटना बीमा योजना के तहत 29 पीड़ित लोगों को मुत्यु होने व अंग–भंग होने की स्थिति में एक लाख 48 हजार रूपये के आर्थिक सहायता के चैक प्रदान किए गए।

4. जिला प्रशासन ने स्कूल के मैदान में मिट्टी डलवाने, गांव मे गउ घाट बनवाने तथा अन्य विकास कार्यो के लिए संतोख माजरा गांव को पर्याप्त धन उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई।

5 संतोख माजरा रात्रि ठहराव कार्यक्रम के उपलक्ष में प्रातः काल से लगाई गई प्रदर्शनी मे 12 से अधिक विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित किया गया।

6. समाज कल्याण विभाग द्वारा 16 वृद्वों के वृद्वावस्था सम्मान भत्ता योजना के फार्म पूरे किए गए।

7 स्वास्थ्य विभाग द्वारा 245 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निःशुल्क दवाईयां व टैस्ट किए गए।

8. खादय आपूर्ति विभाग द्वारा 20 राशन कार्ड़ बनाए गए।

9. वन विभाग ने 1500 पौधे वितरित किए।

10. पशुपालन विभाग ने 250 से अधिक मवेशियों का ईलाज मौके पर ही किया गया।

11.. जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के माध्यम से लगाए गए स्टाल के माध्यम से प्राधिकरण के सदस्यों ने 500 से अधिक लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता देकर जागरूक किया।

12. जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने के दृष्टिगत स्थानीय भाषा में एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत करवाया गया।

13.. रात्रि ठहराव के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों ने ग्राम वासियों के साथ जल संरक्षण की शपथ भी ग्रहण की।

14. जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत के सदस्यों ने स्कूल परिसर में पौधा रोपण किया।

15.. रात्रि ठहराव से अगली सुबह जिला प्रशासन के अधिकारियों व ग्राम वासियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए स्वच्छता अभियान में गांव में पहले से ही की गई सफाई से सभी प्रभावित हुए।

16. उपायुक्त ने संतोख माजरा गांव की सफाई देखकर इस गांव को दूसरे गांवों के लिए एक रोल माडल के तौर पर प्रस्तुत करने के साथ–2 निर्मल ग्रामीण हरियाणा अभियान के तहत गांधी जयंन्ती पर संतोख माजरा गांव से ही विशेष स्वच्छता अभियान शुरू करने की घोषणा की।